## एक नजर में



### रिश्वतखोर रेलवे का उप मुख्य अभियंता रिमांड पर

**जबलपुर .** सुरक्षा जमा राशि की रिहाई, लंबित बिलों के भुगतान और पीवीसी बकाया के रूप में एक लाख रूपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किए गए रेल्वे के उप मुख्य अभियंता नारायण सिंह बुंदेला को सीबीआई शुक्रवार को सागर से जबलपुर लेकर पहुंची . इसके बाद उसे विशेष न्यायालय में पेश किया गया जहां सीबीआई ने रिमांड की डिमांड कर दी .जिसके बाद कोर्ट ने रिश्वतखोर को 8 जून तक रिमांड देते हुए उसे सीबीआई के सुपुर्द कर दिया है. आरोपित से अब सीबीआई लंबी पूछताछ में जुट गई है जिसमें नए खुलासे होने की उम्मीद है . मुख्य अभियंता द्वितीय नारायण सिंह बुंदेला ने लगभग 1 करोड़ रुपये के लंबित भुगतान सुरक्षा जमा राशि 67,84,820 रुपये, लंबित बिल 18,67,169.84 रुपये और पीवीसी से संबंधित कुछ बकाया की रिहाई के लिए 1,00,000 रुपये की रिश्वत की मांग की है .

### विधायक अनिरुद्ध मारू ने भाटखेड़ी बुजुर्ग में किया पौधारोपण

**नीमच।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विधायक मनासा अनिरुद्ध मारू ने ग्राम पंचायत भाटखेड़ी बुजुर्ग में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में सहभागिता की। **पौधारोपण कर दिलाई शपथः** विधायक श्री मारू ने ग्राम पंचायत परिसर में पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने की शपथ दिलाई। **पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेशः** श्री मारू ने कहा कि 'पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। ऑक्सीजन से लेकर वर्षा तक, सब कुछ वृक्षों पर ही निर्भर है।

### 2 किमी दूर से पानी लाने को मजबूर ग्रामीण

**कसरावद, निप्र ।** विकास से कोसों दूर तालाब फालिया, 2 किमी दूर से पानी लाने को मजबूर ग्रामीण* विकास के तमाम दावों के बीच कसरावद तहसील का ग्राम पंचायत झिरनिया का तालाब फालिया आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। हालात ये हैं कि यहां के लोगों को पीने के पानी के लिए रोजाना करीब 2 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। इस बारे में पंचायत सरपंच, सचिव बात की जाती है तो दोनों का सही जवाब नहीं आता है। फोन लगाने पर भी कभी फोन उठाते हैं और कभी नहीं उठाते और उठा भी लेते हैं तो आज तक कोई काम नहीं किया। गांव में हैंडपंप या नल-जल योजना नहीं है। मजबूरी में ग्रामीण गंदा तालाब या दूसरे स्रोतों का पानी पी रहे हैं, जिससे बीमारी का खतरा बढ़ गया है। तालाब फालिया तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं है। बारिश में कीचड़ और गड्ढों के कारण 2 किमी दूर से पानी लाना और भी मुश्किल हो जाता है।

# 8 आईपीएस, 66 एसपीएस के तबादले

## ओमप्रकाश एसीपी जोन-3 इंदौर और राज कृष्णा एडि . एसपी महू पदस्थ

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 5 जून. राज्य सरकार ने शुक्रवार को भारतीय पुलिस सेवा के 8 अफसरों के तबादले किए हैं, ये सभी आईपीएस 2022 बैच के हैं और ज्यादातर अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के पद पर पदस्थ थे, अब उनको अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है. आईपीएस मिनी शुक्ला को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-2 भोपाल नगरीय पुलिस पदस्थ की गई हैं.**

वहीं एक अन्य आदेश में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के 66 अफसरों को भी बदल दिया है. श्रीमती प्राची द्विवेदी को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुरक्षा भोपाल नगरीय पुलिस की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं प्रमोद कुमार सोनकर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भोपाल पदस्थ किया गया है. इसी तरह संजीव पाठक को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-4 भोपाल नगरीय पुलिस की कमान सौंपी गई है. सूची इस प्रकार है.

**भारतीय पुलिस सेवा**

| अधिकारी | वर्तमान पदस्थापना | नई पदस्थापना |
|---|---|---|
| सुश्री अनु बेनिवाल | एडि .एसपी ग्वालियर | एडि .एसपी जबलपुर |
| ओमप्रकाश | एसडीओपी लांजी बालाघाट | एसीपी जोन-3 इंदौर नगरीय पुलिस |
| करणदीप | एसडीओपी बैहर बालाघाट | एडि .एसपी उज्जैन |
| आयुष जाखड़ | एसडीओपी करैरा शिवपुरी | एडि .एसपी जबलपुर |
| गौरव पाण्डेय | एसडीओपी सिंगरौली | एडि .एसपी सतना |
| सुश्री मिनी शुक्ला | एसडीओपी नरसिंहगढ़ राजगढ़ | एसीपी जोन-2 भोपाल नगरीय पुलिस |
| राज कृष्णा | एसडीओपी सबलगढ़ मुरैना | एडि .एसपी महू इंदौर |
| सुजावल जग्गा | सीएसपी धार | एडि .एसपी ग्वालियर |

**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( केवल भोपाल से संबंधित ):** आरडी प्रजापति - एआईजी संपदा पीएचक्यू - उप सेनानी 17वीं वाहिनी विसबल भिंड, श्रीमती प्राची द्विवेदी- उप सेनानी आरएपीटीसी इंदौर - एसीपी सुरक्षा भोपाल नगरीय पुलिस, रूपेश कुमार द्विवेदी - एडि.एसपी महू इंदौर ग्रामीण- एसपी सायबर मुख्यालय भोपाल, श्रीमती हेमलता कुरील - एडि.एसपी गरोठ मंदसौर - एआईजी पीएचक्यू, प्रमोद कुमार सोनकर - एसीपी सुरक्षा इंदौर नगरीय पुलिस - एडि.एसपी ग्रामीण भोपाल, नीरज सोनी - एडि.एसपी पांढुर्णा - एआईजी पीएचक्यू, मनु व्यास - एआईजी कार्यालय आईजी रीवा जोन - एआईजी पीएचक्यू, मनकामना प्रसाद - एआईजी पुलिस मैन्युअल पीएचक्यू- एडि.एसपी पांढुर्ना, सुनील कुमार शिवहरे- एडि.एसपी दतिया - एआईजी पीएचक्यू, गौतम सोलंकी- एसीपी जोन-2 भोपाल नगरीय पुलिस- एसीपी इंदौर नगरीय पुलिस, ऋषि सिरोठिया - एआईजी कार्यालय आईजी जबलपुर जोन - एसपी रेडियो मुख्यालय भोपाल, नितेश भार्गव - एआईजी शिकायत पीएचक्यू - एडि.एसपी बालाघाट, बल्लभ सैयाम - उप सेनानी 35वीं वाहिनी विसबल मंडला- उप सेनानी 23वीं वाहिनी विसबल शिवपुरी, सुश्री स्टेला सूलिया - एसीपी आसूचना भोपाल नगरीय पुलिस- एडि.एसपी नारकोटिक्स इंदौर, संजीव पाठक - एडि.एसपी भिंड - एसीपी जोन-4 भोपाल नगरीय पुलिस, स्वाति मुराब वाडेकर - एआईजी महिला सुरक्षा पीएचक्यू - एसपी पीटीएस उमरिया, मलकीत सिंह - एसीपी जोन-4 भोपाल नगरीय पुलिस - एआईजी ईओडब्ल्यू भोपाल, गीता डोंगरे चौहान - एडि.एसपी पीटीसी इंदौर - एसीपी आसूचना भोपाल नगरीय पुलिस, मनोज शर्मा - उप सेनानी 9वीं वाहिनी विसबल रीवा - एआईजी पीटीआरआई पीएचक्यू, विक्रम रघुवंशी - एआईजी पीटीआरआई पीएचक्यू- एसीपी यातायात इंदौर नगरीय पुलिस, मानसिंह ठाकुर - एडि. एसपी गुना - एसपी एसटीएफ भोपाल, ज्योति उमठ - एडि.एसपी पीटीसी भौंरी भोपाल - एडि.एसपी अलीराजपुर, दीपक नायक- एसीपी सुरक्षा भोपाल नगरीय पुलिस - एडि. एसपी रायसेन.



# बंगवार खदान में छत धंसने से दो मजदूरों की मौत

**शहडोल. एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की बंगवार भूमिगत खदान में शुक्रवार दोपहर हुए दर्दनाक हादसे में दो ठेका मजदूरों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा खदान के भीतर मेन फॉल ( छत धंसने ) के कारण हुआ, जिससे तेज हवा का दबाव और वेस्ट एयर फ्लो पैदा हो गया और वहां कार्यरत मजदूर इसकी चपेट में आ गए.**

जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 3 बजे खदान के एक हिस्से की छत अचानक धंस गई. हादसे में बल्लू बैगा और गोलू बैगा की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं राजकुमार यादव, प्रेमलाल विश्वकर्मा, अमित कुमार यादव और अंजनी बैगा गंभीर रूप से घायल हो गए.

घायलों को तत्काल रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है. घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस और एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे. प्रभावित क्षेत्र को सील कर जांच शुरू कर दी गई है. हादसे के बाद मृतकों के परिजन और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में खदान परिसर पहुंचे तथा सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया.



राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद तरुण चुघ का स्वागत

**भोपाल, 5 जून .** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व मध्यप्रदेश से राज्यसभा के प्रत्याशी तरूण चुघ का भोपाल पहुंचने पर अभिनंदन किया . इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल उपस्थित रहे .

## आयु सीमा में छूट की मांग की नामंजूर

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस देवनारायण मिश्रा की ग्रीष्मावकाश कालीन एकलपीठ ने अपने एक आदेश में स्पष्ट किया है कि शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत नियमित शिक्षक और डिग्री कालेजों में सेवाएं देने वाले अतिथि विद्वान दो पृथक वर्ग हैं. जिस कारण दोनों को समकक्ष मानकर भर्ती प्रक्रियाओं में एक जैसी सुविधाएं या छूट देने की मांग स्वीकार नहीं की जा सकती. मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों को वैध पाते हुए न्यायालय ने याचिका निरस्त कर दीं. याचिकाकर्ता शहडोल निवासी उच्च माध्यमिक शिक्षक डॉ. अर्पणा पाठक सहित अन्य की ओर से यह मामले दायर किया गया था. जिसमें दलील दी गई कि बताया कि 30 दिसंबर 2025 को एमपी पीएससी ने माध्यमिक शिक्षक भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था.

# भगवानपुरा में झोलाछाप डॉक्टर का क्लिनिक और मेडिकल सील

**नवभारत न्यूज**

**बिस्टान, निप्र ।** भगवानपुरा में बस स्टैंड पर वर्षों से जमे हुए झोलाछाप डॉक्टर दिनेश प्रजापत का प्रशासन ने मेडिकल सील कर दिया है।जानकारी के अनुसार भगवानपुरा सीबीएमओ सुनील वर्मा,नायब तहसीलदार पूनिया परमार,पटवारी वसीम खान, पुलिस विभाग ने मिलकर कार्यवाही की इस कार्यवाही से क्षेत्र के धुलकोट काबरी, भगवानपुरा, भग्यापुर, देवला, सिरवेल, पीपलझोप में शुक्रवार को सभी डॉक्टरों ने अपने क्लीनिक बंद कर रफू चक्कर हो गए। सीबीएमओ सुनील वर्मा ने बताया कि भगवानपुरा में बस स्टैंड पर झोलाछाप डॉक्टर दिनेश प्रजापत मेडिकल स्टोर की आड़ में फर्जी क्लीनिक चला रहा था। इसी एलोपैथी दवाइयां जो सिर्फ विशेषज्ञ डॉक्टर चलाते है प्रजापत के पास कोई अनुमति है ना कोई डिग्री है कुछ लोगों द्वारा कई बार जिला कलेक्टर महोदय को शिकायत कर चुके है पूर्व में भी क्लीनिक सील किया गया था मगर बाद में मेडिकल स्टोर खोल कर पीछे दवाखाना चला रहा था जो इंजेक्शन ओर बाटल लोगों को लगाई जा रही है अभी मेडिकल स्टोर सील किया गया है जिस नाम से मेडिकल का लाइसेंस है वो महिला कभी भी नहीं मिलती है जिसके लिए जिले में मेडिकल का लाइसेंस निरस्त करने के लिए ड्रग इंस्पेक्टर को पत्र लिखा गया है और इनके पास से जो दवाइयां मिली है ये नहीं यूज कर सकता है ।





**लाइसेंस किसी ओर का चला कोई ओर रहा :-** बीएमओ सुनील वर्मा ने बताया कि मेडिकल का लाइसेंस वर्षा प्रजापत के नाम से जो मेडिकल पर हर बार छापा मारने के द्वारा नहीं मिलती है। 2024 ओर 2025 में भी कार्यवाही हो चुकी है। 2024 में भगवानपुरा में बीएमओ सुनील वर्मा और भगवानपुरा तहसीलदार, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग द्वारा सयुक्त कार्यवाही की गई थी मगर आगे कोई कार्यवाही नहीं बड़ी ओर कुछ ही दिनों में वापस अपना मेडिकल खोल पीछे फिर से क्लीनिक चालू कर दिया इसी पर 2025 में तहसीलदार ओर ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा फिर मेडिकल पर कार्यवाही की गई थी मगर फिर कुछ समय बाद वही मेडिकल ओर क्लीनिक वापस चालू कर दिया ओर 2026 में तीसरी कार्यवाही एक ही मेडिकल ओर क्लीनिक पर हर साल कार्यवाही होती है मगर आगे नहीं बढ़ती है इससे तो यही लगता है कि डॉ प्रजापत द्वारा अधिकारियों से साठ गांठ कर अपना फर्जी क्लीनिक बेधक होकर चलाता रहता है। भगवानपुरा में फर्जी क्लीनिक ओर मेडिकल स्टोर सील किया है आगे की कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन को अवगत करवाया है।

# झंझारवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग स्थापना को मिलेगी रफ्तार

**नीमच।** जिले के औद्योगिक विकास को नई गति देने के उद्देश्य से झंझारवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित साइट ऑफिस में निवेशकों एवं भूखंडधारकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक श्री राजेश राठौड़ ने उद्योग स्थापना से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए निवेशकों से अपनी परियोजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने का आह्वान किया, ताकि स्थानीय युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार मिले और जिले की आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिले।

**भूखंडों की स्थिति एवं प्रगति की समीक्षाः** बैठक में बताया गया कि झंझारवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में कुल 194 भूखंड आवंटित हो चुके हैं। इनमें से 89 प्लॉट पर 45 इकाइयां शुरू हो चुकी हैं जिनमें उत्पादन चल रहा है। इन इकाइयों के माध्यम से लगभग 2500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। 21 इकाइयों में फैक्टरी निर्माण कार्य प्रगति पर है। शेष भूखंडों पर भी उद्योग स्थापना की प्रक्रिया को गति देने के लिए निवेशकों से विस्तृत चर्चा की गई।



**'निवेश का बेहतर माहौल बनाएं ':** कार्यकारी संचालक श्री राठौड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। निवेशक भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए उद्योग स्थापना में तेजी लाएं। 'औद्योगिक विकास किसी एक संस्था या विभाग का कार्य नहीं है, बल्कि इसमें निवेशकों, उद्योगपतियों और प्रशासन की साझा भागीदारी आवश्यक है।'

**विलंब करने वालों पर होगी कार्रवाई**

श्री राठौड़ ने उद्योगों से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निराकरण और आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही स्पष्ट किया कि 'औद्योगिक विकास में बाधक बनने या जमीन लेने के बाद भी प्लांट लगाने में कोताही बरतने वालों के साथ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।' 'छोटे जिलों में भी तेज हो औद्योगिकीकरण ' : मुख्यमंत्री का विजन उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव का स्पष्ट विजन है कि प्रदेश के छोटे और मध्यम जिलों में भी औद्योगिकीकरण की गति तेज हो। इसी सोच के तहत औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है और निवेशकों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। झंझारवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र भी इसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। बैठक में मौजूद निवेशकों ने एमपीआईडीसी की इस पहल का स्वागत करते हुए उद्योग स्थापना के कार्यों में तेजी लाने का आश्वासन दिया और माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुसार जिले के औद्योगिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का विश्वास दिलाया।

# पांच साल संबंध में रहने के बाद दर्ज करवाई बलात्कार की रिपोर्ट

- हाईकोर्ट से मिला अग्रिम जमानत का लाभ
- दोनों पक्ष बालिग और संबंध में रजामंदी शामिल

**जबलपुर, 5 जून. पांच साल तक संबंध में रहने के बाद दर्ज करवाये गये बलात्कार के अपराध में हाईकोर्ट ने आरोपी को अग्रिम जमानत का लाभ प्रदान कर दिया है. हाईकोर्ट जस्टिस देव नारायण मिश्रा की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि दोनों पक्ष बालिग हैं और संबंध में अपनी मर्जी से शामिल थे.**

एकलपीठ ने आवेदन को आदेशित किया है कि पुलिस अधिकारी के निर्देश पर मेडिकल जांच के लिए उपस्थित रहे. सिंगरौली निवासी राजेष चर्माकर की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि शादीशुदा है और उसकी पहचान साल 2020 में पीड़ितों से हुई थी. पीड़ित के पति की हार्ट अटैक से मौत हो गयी थी. इसके बाद दोनों में संबंध स्थापित हो गये और वह पीडित की आर्थिक रूप से मदद करता था. पुलिस के द्वारा उसके खिलाफ बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है.

आवेदक की तरफ से तर्क दिया गया कि वह शादीशुदा था और इस संबंध में पीड़ित जानती थी. शिकायतकर्ता से उसका शादी करना मुमकिन नहीं था. शिकायतकर्ता का यह आरोप गलत है कि आवेदक ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए है. इसलिए आवेदक के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है. एकलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी करते हुए आवेदक को सशर्त अग्रिम जमानत का लाभ प्रदान किया.

**पर्यावरण संरक्षण** एक पेड़ मां के नाम 2 .0 अभियान के राज्य स्तरीय शुभारंभ के मौके पर सीएम डॉ . यादव ने कहा...

# सनातन संस्कृति में एक पेड़ 10 पुत्रों के बराबर

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 5 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सनातन संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण की मूल अवधारणा नीहित है. पांच तत्वों से बनी सृष्टि के संरक्षण के लिए हर तत्व का महत्व हमारे पूजा पाठ-भोजन और भजन की पद्धति में विद्यमान है. सनातन संस्कृति में एक पेड़ को 10 पुत्रों के बराबर माना गया है. हमारी जीवन पद्धति में पर्यावरण संरक्षण प्रकट होता है.**



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में नदी, कुओं, बावड़ियों और तालाबों के संरक्षण के लिए पवित्र भाव से कार्य जारी है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के राज्य स्तरीय समारोह के शुभारंभ अवसर पर यह विचार व्यक्त किए. इससे पहले सीएम ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार परिसर में स्वर्ण चंपा, सीता अशोक, रामफल और आंवला का पौधा रोपा. मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम में 8 श्रेणियों में 11 राज्य स्तरीय पर्यावरण पुरस्कार प्रदान किये. पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और सतत् विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली औद्योगिक इकाइयों, शैक्षणिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों तथा व्यक्तियों को वर्ष 2024-25 के लिसे पुरस्कार प्रदान किए.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल गैस त्रासदी आम नागरिकों और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली सबसे भयावह घटना है. राज्य सरकार ने यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री में पड़ा कचरा 40 साल बाद सफलतापूर्वक निष्पादित करवाया है. इस तरह से भोपाल की धरती से गैस त्रासदी के कलंक को मिटाया है. अब राज्य सरकार यूनियन कार्बाइड की भूमि का समुचित प्रबंधन करने की दिशा में आगे बढ़ रही है.

**500 बावड़ियों के प्रलेखन दस्तावेजों का किया विमोचन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सर्कुलर इकॉनॉमी से संबंधित 5 कोर्स मॉड्यूल्स और एप्को तथा इन्टैक द्वारा प्रदेश में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 16 जिलों की 500 बावड़ियों के प्रलेखन दस्तावेजों का विमोचन किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नवाचारों, सर्कुलर इकोनॉमी तथा जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान समय में मौसम के लिए अलनीनो और पश्चिम एशिया में विषम परिस्थियों के कारण दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल और गैस सहित ऊर्जा का संकट है.

**हमीदिया हॉस्पिटल भोपाल पुरुस्कृतः** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मे. विसाग बॉयो फ्यूल प्राइवेट लिमिटेड बारासिवनी बालाघाट, आर.सी.सी.पी.एल. सीमेंट मैहर, टैफे मोटर्स एंड ट्रैक्टर्स लिमिटेड मंडीदीप जिला रायसेन, रामरमा मैंगनीज और माइन्स बारासिवनी बालाघाट, केसर एग्रोटेक बारासिवनी बालाघाट, नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा, हमीदिया हॉस्पिटल भोपाल, विजेश लूनावत स्मृति फाउण्डेशन भोपाल, एक्रोपॉलिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च इंदौर, डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल सूर्य विहार सिंगरौली को पुरस्कृत किया.

# दो बसों की टक्कर में 3 यात्रियों की मौत

## रायसेन जिले के सेहतगंज के पास भीषण सड़क हादसा

**नवभारत न्यूज**

**रायसेन/ बेगमगंज, 5 जून. रायसेन जिला मुख्यालय से करीब 15 किमी भोपाल रोड पर सेहतगंज टोल प्लाजा के पास शुक्रवार की दोपहर करीब 12:30 बजे दो बसों की आमने-सामने हुई टक्कर में तीन यात्रियों की मौत हो गई और 15 से अधिक यात्री हो गए. जिन्हें भोपाल एवं मामूली घायलों को जिला अस्पताल रायसेन में भर्ती कराया गया है. दोनों बसों में टक्कर के बाद एक बस पुलिया से टकरा गई.**

पुलिस के अनुसार सड़क दुर्घटना में मृतक 29 वर्षीय माखन सिंह लोधी पिता रामबाबू लोधी निवासी पचीपुरा बेगमगंज, नीतेश व्यास पिता एसएन व्यास 28 वर्ष निवासी टेकापार पंडा सुल्तानगंज एवं दीपेश अहिरवार पिता अमोल अहिरवार 22 वर्ष निवासी



सुल्तानगंज की शिनाख्त हो गई है.

घटना की खबर मिलते ही मौके पर कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा एवं एसपी आशुतोष गुप्ता पुलिस बल एवं राहतकर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए थे. जिन्होंने गंभीर घायलों को भोपाल भेजा एवं मामूली रूप से घायल यात्रियों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया है. जहां उनका इलाज चल रहा है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बसों के सामने से परखच्चे उड़ गए.

**हादसे ने छीना युवा कवि**

इस हादसे ने सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंडा टेकापार निवासी 28 वर्षीय युवा कवि नितेश व्यास को छीन लिया. बताया जाता है कि कम उम्र में ही उन्होंने दूरदर्शन और आकाशवाणी और बड़े कवि सम्मेलनों तक तक अपनी पहुँच बना ली थी . वे मंचों पर 'ओज' और 'वीर रस' की कविताओं के लिए जाने जाते थे . बुंदेलखंडी भाषा शैली में कविता पाठ करते थे . भोपाल में रहकर पढ़ाई करने के साथ-साथ कवि सम्मेलनों में भी शिरकत करते थे .